हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 दल्लीराजहरा में शहीद दिवस पर अमर शहीदों को दी गई ...

10 अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी गई आमजन ...




## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्जवलकरा
शार्दूलवरवाहना।

# ग्राम कन्हारपुरी में भक्त मां कर्मा जयंती पर निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

परिक्षेत्रीय साहू समाज मोखा अन्तर्गत ग्राम कन्हारपुरी में भक्त मां कर्मा जयंती महोत्सव को हर्षोल्लास से मनाया। प्रातः साहू सदन में कर्मा माता की पूजा अर्चना कर महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कलश व शोभायात्रा के दौरान जयघोष करते हुए समाजजनों ने गली भ्रमण किया। शोभ यात्रा का साहू सदन में समापन हुआ। जिला साहू संघ अध्यक्ष महेंद्र साहू ने कहा की भक्त मां कर्मा का जीवन अटूट भक्ति, त्याग और समर्पण की जीवित मिसाल है, उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर हम सबको चलना चाहिए जिससे कि हमारा समाज विकास की ओर अग्रसर हो। मिथलेश साहू ने शिक्षा के साथ–साथ संस्कारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है संस्कार ही हमें एक सच्चा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं समाज को संकल्प लेना होगा कि आने वाले पीढ़ी को संस्कृत बनाया जाए ताकि वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्व भूमिका निभा सके। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलारू राम साहू, उपाध्यक्ष मनीराम साहू सरस्वती साहू, संगठन सचिव राजू साहू, खेमलता गंजीर, कोषाध्यक्ष उत्तम साहू, जया साहू, निर्मला साहू, अश्वनी साहू, यासकरण साहू, ओम प्रकाश साहू, हरिश्चंद्र साहू, लक्की साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ रामदास साहू, बसंत साहू एवं समस्त ग्रामीण अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गंजीर, तेजराम साहू, तिलेश्वर साहू, विशेलाल साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, रामकुमार साहू, धनंजय साहू, रतिराम साहू सहित समाज के लोग अत्यधिक संख्या में उपस्थित थे।

### पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ



### माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन जितेंद्र कुमार साहू, अध्यक्षता जिला साहू संघ बालोद अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष तहसील संघ गुरुर मिथलेश साहू ने किया। विशेष अतिथि पूर्व तहसील अध्यक्ष रामदयाल साहू, कौशल साहू, उपाध्यक्ष तहसील साहू दुष्यंत कुमार साहू, लक्ष्मी चंद साहू, डामेश्वरी साहू, तेजराम साहू, सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू, संध्या अजेंद्र साहू, तेजराम साहू थे। सभी वक्ताओं ने भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला।

**हादसा**

**नामकरण कार्यक्रम से लौटते समय हुआ हादसा**

# पिकअप के पलटने से दो महिला की मौत, दो बच्चे समेत 18 घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नामकरण कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों समेत कुल 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। सभी घायलों का इलाज जारी है। पिकअप में कुल लगभग 20 लोग सवार थे।

■ अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप वाहन भंवरमरा के पास हुआ हादसा



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोटाटोला थाना क्षेत्र जिला मोहला के पददेटोला गांव से महिलाएं और बच्चे पिकअप वाहन में सवार होकर खड़बत्तर गांव छट्टी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान मंगचुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंवरमरा गांव के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई

### पिकअप में 20 थे सवार

इस हादसे में मानवाई 65 वर्ष पति बिदराम की मोके पर ही मौत हो गई, जबकि नंदनी बाई करियाम 40 वर्ष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पिकअप में कुल लगभग 20 लोग सवार थे, जिनमें से दो की मौत और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में दो छोटे बच्चे और वाहन चालक भी शामिल हैं। कई घायलों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है घटना की सूचना मिलते ही थाना मंगचुवा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ, हालाकि पुलिस द्वारा अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है।

# पतंग उड़ाते समय दो मंजिला छत से गिरकर 7 वर्षीय बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पतंग उड़ा रहे एक बच्चे की दो मंजिला छत से गिरने से मौत हो गई। जहां मृतक बच्चे के साथ मौजूद अन्य बच्चे डरे सहमे है। बच्चा अपने दोस्त के घर पहुंच दोस्तो के साथ पतंग उड़ा रहा था।

■ दोस्तों के साथ छत पर उड़ा रहा था पतंग

मिली जानकारी के अनुसार मामला ग्राम नेवारीकला के नयापारा का बताया जा रहा है, जहां कक्षा दूसरी में पढ़ने वाले छात्र हर्ष कुमार साहू 7 वर्ष अपने अन्य दोस्तो के साथ दूसरे मंजिल के छत में पहुंचकर पंतग उड़ा रहा था। इसी दौरान बच्चे का पैर अचानक फिसल गया, जिसे नीचे गली में खड़ी एक युवती ने बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनी वह कुछ कर पाती उससे पहले ही बच्चा जमीन पर गिर गया। बच्चे को गिरते देखकर युवती ने अन्य लोगो को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचकर घायल बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर द्वारा बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### स्कूल जाने की तैयारी में थे

मिली जानकारी के अनुसार मृतक छात्र ग्राम के संजय साहू का पुत्र था, जो सोमवार को सुबह करीब 10.30 बजे दूसरे मोहल्ले में अपने दोस्त के दो मंजिला मकान के छत पर पतंग उड़ाने का आनंद लेने पहुंचा था। इस दौरान 4–5 अन्य बच्चे भी छत पर मौजूद होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार छात्र स्कूल जाने के लिए तैयार होकर अपने दोस्तो के पास पतंग उड़ाने के लिए पहुंचा था। जहां सभी बच्चे स्कूल का समय होने पर एक साथ स्कूल जाने वाले थे, लेकिन इस बीच वे पतंग उड़ा रहे थे इसी दौरान यह हादसा हो गया।



## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 मार्च तक बढ़ी

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीनीकरण तथा नवीन पंजीयन हेतु अंतिम तिथि अब 27 मार्च तक की तिथि निर्धारित की गई है।

### भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का 25 को राज्य स्तरीय आयोजन

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा महत्वाकांक्षी दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत बुधवार 25 मार्च को बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत बालोद जिले में संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में इस योजना से लाभान्वित जिले के महिलाओं तथा बैगा, पूजारी, चरवाहा, बढ़ाई आदि को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में वर्चुअल सहभागिता सुनिश्चित करते हुए इस योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। कलेक्टर मिश्रा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत बालोद जिले के 16 हजार 488 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

### विद्यालय जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व, स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत

**भिलाई।** विद्यालय जीवन हमें सिर्फ शिक्षा का बड़ा महत्व होता है। यहां जीवन से जुड़े सभी विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जिसमें खेलकूद, बौद्धिक चर्चा, अन्य कलाकृतियों जिसमें विद्यालयीन छात्राओं को श्रेष्ठ करने का प्रतियोगिता है। जिसमें बेहतर करने वाले छात्र पुरस्कृत होते हैं। इससे जीवन में कई प्रेरणा भी मिलती है। उक्ताशय की बाते नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जामुल स्थित सेजस स्कूल के पुरस्कार वितरण समारोह में कहा है। इस दौरान प्रतियोगिताओं में शामिल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। स्कूल ने सांसद खेल महोत्सव शिक्षा एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किय था। जिसमें स्कूल के 60 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतियोगिता में सफल हुए है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के मुख्य आतथ्यि में पुरस्कार वितरण किया गया। स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षकाओं ने अतिथियों का आभार जताया है। समारोह में पार्षद संजय देशलहरे, तुलाराम टंडन, सुनिता देवांगन, शिक्षक शक्षिकाओं में वंदना शर्मा, धनराज साहू, रीता दुबे, मोना राय, प्रीतम बंछोर, कविता पाण्डेय, सुशीला कौशल, निक्की दुबे, नमिता मिश्रा, भावना वर्मा, असिति तिर्की, नमिता दीवान मौजूद थे।

---

**बैठक : राजस्व समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर**

# अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर के सख्त निर्देश पेयजल व्यवस्था और राजस्व पखवाड़े की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

■ 1 से 15 अप्रैल तक होगा राजस्व पखवाड़ा

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिले के शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु राजस्व विभाग एवं संबंधित विभाग के द्वारा की जा रही कार्रवाई की भी सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के दौरान आम नागरिकों को पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान जिले वासियों को पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की प्रबंध हेतु किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को अवैध पंप कनेक्शन धारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने खनिज न्यास संस्थान के राशि के उपयोग के संबंध में शासन से जारी दिशा–निर्देशों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रें के विद्यार्थियों को पढ़ाई–लिखाई के लिए भी आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की जा सकेगी। मिश्रा ने अधिकारियों को आम नागरिकों को इसका अधिक से अधिक जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों को इस जनहितैषी कार्य का लाभ सुनिश्चित कराने को कहा।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने राज्य शासन द्वारा राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक जिलों में अलग–अलग तिथियों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित की जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत बालोद जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले में राजस्व पखवाड़ा के सफल आयोजन एवं आम जनता के राजस्व संबंधी समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु समुचित उपाय करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने 25 मार्च को दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत बलौदा बाजार–भाटापारा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजन करने की जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में अपनी वर्चुअल सहभागिता सुनिश्चित कर लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के अलावा लाभान्वित हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

---

# ग्राम बेलौदी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाबः संत राम बालक दास ने दिया गौ-सेवा और संस्कार का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

ग्राम बेलौदी में भागवत यज्ञ के अंतर्गत पाटेश्वर धाम के संत श्री राम बालक दास जी महात्यागी का सारगर्भित उद्बोधन प्राप्त हुआ, जिसमें पाटेश्वर धाम में बन रहे कौशल्या मंदिर के पूर्णता अवसर पर श्रद्धालुओं को सहभागी के रूप में सदस्य बनाया गया एवं गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल को समय देने का अपील किया। अपने प्रवचन के दौरान श्री राम बालक दास ने बताया कि नवरात्र पर्व मां की शक्ति का आराधना का पर्व है, प्रत्येक घर में गाय पाले, इसका सभी को संकल्प लेना चाहिए। माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी है जिनके पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम राम के मंदिर पूरी दुनिया में है, उनकी मां कौशल्या जिनका पहचान छत्तीसगढ़ से है जो स्वर्ण सिंहासन पर कौशल्या धाम में विराजे यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। कथा वाचक अनिल तिवारी ने संस्कार युक्त जीवन एवं परोपकार के लिए जीवन देने की प्रेरणा दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कौशल्या दूत केशव राम साहू, देवेंद्र कुमार देवांगन, परीक्षित परिवार केजू राम साहू, शशिकांत, अजय कुमार, कुमारी बाई, प्रीति, सुधा, भवानीराम, तामेश्वर, कुलेश्वर साहू, सावित्री, रेखा के साथ ग्रामवासी रोशन देवी, दामिन साहू, कुमुदिनी साहू, शांतिबाई, मुन्नी बाई, कांति सारथी, रोहित साहू, नारायण कलिहारी, बुद्धदेव, श्याम लाल मंडावी, भोजराम साहू, इंदल राम, लेख राम, संत राम, अनिल कटहरे, नोहर सिंह, प्रेम सुख,रूहेलाराम, प्रह्लाद, कन्हैया, गुलाब, अशोक सत्यसाई सेवा समिति भजन मंडली के लोग उपस्थित थे।

---

# गुंडरदेही में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूजःगुण्डरदेही



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा उपरांत संगठनात्मक पूर्णता व संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक अंतर्गत समस्त बूथों, पंचायतों एवं नगरीय निकाय के वार्डों में संगठनात्मक ढांचा पूर्ण किए जाने के संबंध में सोमवार को बैडमिंटन हाल गुण्डरदेही में बैठक सम्पन्न हुआ।

जिसमे नवनियुक्त ब्लाक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष का गमछा भेटकर स्वागत सम्मान किया गया। 12 सदस्यीय बूथ, पंचायत, वार्ड कमेटी एवं प्रत्येक बूथ में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए 2 बीएलए 2 नियुक्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में विशेष रूप से गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, जिला पंचायत बालोद के पूर्व अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कचरू साहू, जिला से नियुक्त ब्लाक प्रभारी पुरण लाल साहू, जितेंद्र यादव उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री जिला कांग्रेस बालोद भोजराज साहू, पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस गुण्डरदेही संजय साहू, केके राजू चंद्राकर, तामेश्वर देशमुख, मोंटू चंद्राकर, कोषाध्यक्ष दीपेश चावड़ा, मंडल अध्यक्ष मानसिंह देशलहरा, सलीम खान, तरुण साहू, रूपचंद जैन, रामसागर सिन्हा, गोविंद चंद्राकर, प्रीतम ठाकुर, दुलार नवरंगे, लिखन निषाद, ममता सेन, आसिफ गहलोत, अभिषेक यादव, योगेश देशमुख, पवन सिन्हा, कुलेश्वर तिवारी, मोजीराम साहू, ज्योंति यादव, सचिव गौकरण सोनकर, गिरधारी निषाद, ओमप्रकाश यादव, भीषम लखेरा, सुरेश साहू, परस ठाकुर, यमुना बांधे, कार्यकारिणी सदस्य तरुण परकार, प्रतापचंद जैन, लक्ष्मीनारायण सोनकर, रिजवान तिगाला, फत्ते लाल निर्मलकर, पद्मनी अंगारे, सेक्टर प्रभारी नीलकंठ टंडन, डोमन देशमुख, निजानंद चंद्राकर, रोशन निषाद, यशवंत देशमुख, बलराम अंगारे, बूथ अध्यक्ष खेदूराम साहू, बसंत ठाकुर, रोहित चंद्राकर,राहुल साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

---

# साहू समाज ने ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर





ग्राम जेवरतला में ग्रामीण झरिया साहू समाज द्वारा ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा मुख्य अतिथि के रुप मे शामिल होकर माता कर्मा की पुजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि की प्रार्थना की।

■ पूर्व विधायक भैयाराम रहे मुख्य अतिथि

इस अवसर पर भैयाराम सिन्हा ने कहा इस पावन अवसर पर मुझे अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए मैं ग्राम के सभी सम्मानित ग्रामवासियों का हृदय से बहुत–बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। भक्त माता कर्मा जी के आदर्श, त्याग और भक्ति हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर हम समाज में एकता, सेवा और सद्भावना को आगे बढ़ा सकते हैं। ऐसे पावन अवसर पर गाँव के वरिष्ठजनों का आशीर्वाद, माताओं–बहनों की श्रद्धा और युवाओं का उत्साह देखकर मन भावुक हो उठा। अपनी मिट्टी, अपनी परंपरा और अपनो के बीच रहकर जो अपनापन और ऊर्जा मिलती है, वही आगे बढ़ने की ताकत देती है। मां कर्मा से प्रार्थना है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और समाज में प्रेम, एकता और सेवा की भावना को और मजबूत करें।

अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर मिथलेश कुमार साहू ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संग गुंडरदेही डॉ मानसिंग सार्वा, सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरीकृष्ण गंजीर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर डॉ किशोर कुमार साहू, संरक्षक परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी दयालु राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला लिलेश्वरी ललित साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला डोमेन्द कुमार साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति जेवरतला विजय कुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्राम विकास समिति जीवनतला नीलकंठ साहू के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी अतिथियों के द्वारा प्रतिभावान बच्चों को सम्मान किया गया। वृद्धि जनों का सम्मान किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए हुए बच्चों को भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर साहू, विधायक प्रतिनिधि एवं सरपंच डाडेंसरा टोमन साहू, दिनेश्वर साहू, भोजराम साहू, अश्वनी साहू, ईलवंत साहू, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी माताए एवं बच्चे बडी संख्या में उपस्थित थे।

---

# बालोद जिले में उल्लास महापरीक्षा 2026 संपन्न, 2919 परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



जिले में रविवार को पूरे जिले में उल्लास महापरीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। इस दौरान उल्लास महापरीक्षा 2026 के परीक्षार्थियों खासतौर पर वृद्ध परीक्षार्थियों के चेहरे में खुशी दिखाई दे रही थी, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में भी शिक्षा ग्रहण कर परीक्षा में सम्मिलित होना अपने आप में पूर्णता प्रदान करता है। उक्त महापरीक्षा अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन बालोद मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में यह महापरीक्षा पूरे जिले में व्यापक रूप से सम्पन्न हुआ। जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति तक शिक्षा की रोशनी पहुँचाना रहा। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों रिसोर्स पर्सन, स्वयं सेवी शिक्षकों, प्राचार्य, संकुल समनवयकों की सक्रियता से कार्य संपन्न हुआ।

■ समाज में साक्षरता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी सचिव जिला साक्षरता मिशन बालोद ने कहा कि भारत सरकार और राज्य शासन के सहयोग से चल रहे इस साक्षरता अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में परीक्षार्थी इस महापरीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके तहत सर्वे कर 15 वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित लोगों को चिन्हित कर उन्हें उल्लास केंद्रों से जोड़ा गया है और परीक्षा में सम्मिलित कराया गया।

इस अभियान को सफल बनाने हेतु राजेंद्र कुमार देवांगन बालोद जिला परियोजना अधिकारी (उल्लास) समग्र शिक्षा ने उल्लास परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और उन्होंने बताया कि उल्लास महापरीक्षा का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित था, जिले में कुल 217 उल्लास परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें बालोद विकासखंड से 534 परीक्षाथऍ, गुण्डरदेही विकासखंड से 1040, डौडी लोहारा विकासखंड से 41 गुरुर विकासखंड से 145 डौडी विकासखंड से 1159 परीक्षाथऍ सम्मिलित हुए और पूरे बालोद जिला में कुल 2342 महिला और 577 पुरुष सहित कुल 2919 परीक्षाथऍ सम्मिलित हुए।

जिला मिशन समन्वयक अवन कुमार जांगड़े ने कहा उल्लास परीक्षा 2026 में पूरे बालोद जिले में विशेष परीक्षार्थी के रूप में सास–बहू, देवरानी–जेठानी, पति–पत्नी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें से पउवारा में पति–पत्नी अरुण व धनेश्वरी बाई ने पाऊवारा विकास खंड गुण्डरदेही परीक्षा केंद्र में शामिल होकर परीक्षा दिलाई। जो विशेष आकर्षण रहा।

अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष तोमन साहू जिला पंचायत बालोद ने सभी नागरिकों एवं पूरे शिक्षा विभाग को उल्लास महा परीक्षा की सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत आयोजित महा परीक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा था, जिसमें सभी असाक्षरों को शामिल कर इस उल्लास महापरीक्षा को पूर्णता प्रदान किया गया।

---



# ग्राम खपरी में कर्मा जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

ग्राम खपरी ब में रविवार को कर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओ ने गांव मे कलश शोभा यात्रा निकालकर गली भ्रमण किया तत्पश्चात मां कर्मा की पुजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर सरपंच लेखराम साहू, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष झगरसाहू, गोपीराम, खोमन साहू, नरोत्तम साहू, कमलनारायण साहू, दीनदयाल साहू, जगन्नाथ साहू, विधाताराम साहू, जगत साहू, बैसखूराम साहू, जागरित साहू, छन्नू लाल, चंद्रहास, गोरेलाल, अजय साहू, भाव सिंह, रेखा राम सहित बड़ी संख्या मे सामाजिक महिलाए उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गो का श्रीफल से सम्मान किया गया है वही ईको फ्रेंडली क्लब के सदस्यो का भी सम्मान किया गया।

---

**ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद की ओर से कलम का लंगर**

# शिक्षा के लिए जागरूक करने बच्चों को बांटी कलम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद




शिक्षा के प्रति बच्चों में लगन पैदा करने ईद के मौके पर बालोद ईदगाह में अनूठी पहल की गई। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की जानिब से कलम का लंगर आयोजित किया। इस अवसर पर बच्चों को पेन दिया गया।

गौरतलब है कि एक छोटा सा कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज भाई के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी के तहत बालोद ईदगाह में ईद की नमाज के बाद ईदगाह परिसर बालोद में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद की ओर से आयोजन किया गया। इसमें बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूक पैदा करने कलम बांटी गई।

फाउंडेशन के दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदिल हामिद सिद्दीकी, दुर्ग संभाग सचिव रहीम मोहम्मद, बालोद संरक्षक इस्माइल खान, अरमान अंसारी,जमील बख्श, जिला अध्यक्ष अजहर कुरैशी, उपाध्यक्ष बशीर खान, निजामुद्दीन कुरैशी, जिला सचिव हसनात सिद्दीकी, सह सचिव अय्युब अहमद, हकीम ताज, रिजवान कुरैशी, मोहम्मद अकबर, आवेश मेमन, कामरान खान, इरशाद खान,वकार कुरैशी, हक्कानी हसन, जमीर खान (छोटका) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे जामा मस्जिद बालोद के पेश इमाम शकील रजा चिश्ती, जामा मस्जिद बालोद के मुतवल्ली शाहिद अहमद, हाजी गौस मोहम्मद, हाजी खलील अहमद, हाजी सलीम खान उपस्थित रहे।



**जरूरी है अच्छी तालीम**

फाउंडेशन के दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद ने एक रोटी कम खाओ, अपने बच्चों को पढ़ाओं का नारा देते हुए लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जामा मस्जिद बालोद के मुतवल्ली शाहिद ने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालीम हासिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर वालिद और वालिदैन की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने शिक्षा दे।

---

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं, दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खर्रा के गौरी बाई देशमुख, मीना बाई एवं मीनाक्षी देशमुख ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम परसाडीह के सरपंच ने गांव में नाली निर्माण कराने, अर्जुंदा तहसील के ग्राम परसतराई के हर्ष कुमार ने दिव्यांग पेंशन एवं ग्राम खर्रा के मीना बाई ने विधवा पेंशन दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जनदर्शन में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने ग्राम परसदा के अस्थि बाधित दिव्यांग दिनेश कुमार साहू को बैटरी चलित ट्राय सायकिल तथा ग्राम लाटाबोड़ के श्रवण बाधित बुजुर्ग धनीराम को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

■ श्रवण बाधित बुजुर्ग को प्रदान किया गया श्रवण यंत्र

**खबर संक्षेप**

## ट्रक ने कार को मारी टक्कर, दो घायल

**भिलाई।** दुर्ग जिला के धमधा थाना अंतर्गत मेन रोड में सड़क किनारे खड़ी एक एसयूवी कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। धमधा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मोटर व्हिकलस एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज किया है।
पुलिस के अनुसार कार पंकज कुमार टंडन चल रहे थे। उन्होंने शिकायत में बताया कि कि रविवार को क्रेटा कार सीजी 04 पीक्यू 2277 में वो यशवंत जैन और संगीता जैन रायपुर से खैरागढ़ जा रहे थे। दुर्ग से बेमेतरा मेन रोड किनारे गुप्ता होटल के सामने धमधा में वो लोग रुके थे। कार को उन्होंने सड़क किनारे खड़ा किया था। शाम करीब 5 बजे पीछे दुर्ग की ओर से आ रहे ट्रक सीजी 08 एल 3165 के चालक जितेन्द्र सिन्हा निवासी पगबंधी थाना धमधा ने तेज रफतार और लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए कार में टक्कर मार दी। इससे प्रार्थी और संगीता जैन को चोटें आई हैं।

## सट्टा गिरोह का पर्दाफाश सात आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला जामुल थाना क्षेत्र के सुंदर विहार कॉलोनी फेस-2 का है। यहां कुछ आरोपी मकान किराये पर लेकर सट्टा रैकेट चला रहे थे। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि इस गिरोह के द्वारा रोजाना 3 से 7 लाख रुपए तक का लेन-देन सट्टा से जुड़े कारोबार के जरिए किया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि नालंदा स्कूल के पीछे स्थित एक मकान में ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। उनकी टीम ने वहां छापा मारा, जहां आरोपी मोबाइल और लैपटॉप के जरिए सट्टा खिलाते हुए पकड़े गए। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह ड्रैगन टाइगर, अंदर-बाहर, तीन पत्ती, टेनिस, फुटबॉल और रूलेट जैसे खेलों पर ऑनलाइन सट्टा चला रहा था। गिरोह ने अवैध लेन-देन को छिपाने के लिए अलग-अलग सिम कार्ड और म्यूल बैंक खातों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने पोषण निषाद निवासी अंजोरा, योगेश कुमार विश्वकर्मा निवासी जलेबी चौक भिलाई, गौरव तिवारी निवासी कबीर नगर रायपुर, संजय कुमार जायसवाल निवासी कैम्प-1 जलेबी चौक भिलाई। चुनेश निषाद निवासी श्याम नगर भिलाई, न्यू बसंत टॉकीज भिलाई के पास निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्की और उदल हमणे निवासी भिलाई को गिरफ्तार किया है।

## टुल्लू पंप से निगम के नलों से पानी खींचा तो खैर नहीं, होगी कार्रवाई

**दुर्ग।** शहर में गर्मी के आते ही गहराते जलसंकट को देखते हुए निगम ने स्थिति से निपटने की तैयारी तेज कर दी है। शहर के सभी 60 वार्डों में निगम के नलों से टुल्लू पंप के जरिए पानी खींचने वालों की अब खैर नहीं है, ऐसे सारे लोगों पर निगम कार्रवाई करेगा। इसे लेकर अभियान चलाया जाएगा। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। इतना ही नहीं सार्वजनिक बहने वाले नलों पर जल्द ही टोटियां लगाई जाएंगी। साथ ही पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा, ताकि वार्डों में पेयजल संकट की स्थिति न बने। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से भी आपूर्ति की तैयारी की जा रही है।

**नाम परिवर्तन (शपथ पत्र)**

मैं GOVINDA KUMAR (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र NARESH KUMAR निवासी FULSUNDRI एतद द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं-

1. मैं FULSUNDRI TH. MARRI BANGLA का स्थायी निवासी हूं।
2. मेरा पुराना नाम GOVINDA KUMAR है और मैं अपना नाम बदलकर GOVIND KUMAR (नया नाम) करवाना चाहता हूं।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं पुराने नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
दिनांक 23/03/2026 गोविन्द कुमार

### आयोजन : महिला सशक्तिकरण और समरसता पर जोर

# माता कर्मा मानव जाति के लिए भक्ति और शक्ति का प्रतीक : विधायक निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर ग्राम बोरगहन में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की। समारोह में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।





कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा की पूजा–अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय माहौल रहा और कलशयात्रा निकाली गई। कुंवर सिंह निषाद ने माता कर्मा के त्याग और अटूट भक्ति को याद करते हुए कहा कि माता कर्मा केवल साहू समाज की ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए भक्ति और शक्ति की प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि यदि भक्ति सच्ची हो, तो साक्षात भगवान को भी भक्त के वश में होना पड़ता है। भगवान श्रीकृष्ण को प्रेम से खिचड़ा खिलाने वाली माता कर्मा का इतिहास हमें अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम उनके बताए सत्य और परोपकार के मार्ग पर चलें और समाज को नई दिशा दें। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा भक्त माता कर्मा एक आदर्श नारी शक्ति का उदाहरण हैं। उन्होंने जिस साहस और विश्वास के साथ धर्म की रक्षा की, वह आज महिलाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। साहू समाज हमेशा से ही एक संगठित और प्रगतिशील समाज रहा है, जो शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता है। माता कर्मा की जयंती हमें संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम व्यसनों को त्यागें, शिक्षा का प्रसार करें और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिमा देशलहरे, पूर्व सरपंच संतराम चंद्राकर, उपसरपंच सुनील चंद्राकर, बलदेव साहू, रामखिलावन साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज भीखम साहू, छम्मन लाल साहू, प्रहलाद साहू, नरोत्तम साहू, लावेंद्र साहू, नारायण साहू उद्घोषक, सभी पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। इसके अलावा समीपस्थ ग्राम रजौली में भी भक्त माता कर्मा जयंती बहुत ही श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

### साहू समाज ने हर्षोल्लास से मनाई भक्त कर्मा माता जयंती



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में साहू समाज द्वारा भक्त कर्मा माता जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर माता कर्मा की पूजा-अर्चना की तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने माता कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि माता कर्मा त्याग, भक्ति और सेवा की प्रतीक हैं, जिनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता और भाईचारा कायम रखा जा सकता है। इस दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्ति भाव में लीन रहे। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में समाज के अध्यक्ष डोमन लाल साहू, डा. नेमलाल साहू, अलख राम साहू, मालिक राम साहू, डा. के. एल. दिल्लीवार, बी. एन. भरद्वाज, रेखलाल पटेल, मोहन दिल्लीवार, भारती साहू, पुर्णिमा साहू, चन्द्रहांस साहू, बाला राम साहू, सुखनंदन साहू, पोषण साहू सहित साहू समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## ग्राम कोसागोंदी में गोंडवाना समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व विधायक सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसागोंदी में आयोजित आदिवासी गोंडवाना समाज परिक्षेत्र अमरीकला के वार्षिक सम्मेलन में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए।

■ आदिवासी संस्कृति और परंपरा पर दिया गया जोर

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आदिवासी अनादिकाल से धरती पर बसने वाला समाज है आदिवासी समाज अपने संस्कृति, परम्परा वेशभूषा, के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। आज आदिवासी समाज शिक्षा, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं, आदिवासी समाज प्रकृति के सच्चे सेवक है, जल जंगल जमीन के लगातार संघर्ष करते आ रहे है, आदिवासी समाज के कारण ही छत्तीसगढ़ राज्य के देश में अलग पहचान है। आज वार्षिक अधिवेशन में पूरे क्षेत्र के समाज के लोग एक जगह इक्कठे होकर अपनी संस्कृति परपंरा और अपने महापुरुषों के योगदान को याद कर रहे है, यह एक गौरवशाली क्षण है जिसमें आप सब सामाजिक एकजुटता का संदेश देते हुए समाज को एक नई दिशा में ले जाने के लिए विचार विमर्श कर रहे है। भैयाराम सिन्हा ने कहा जब जब समाज को आवश्यकता होगी तब तब हम आपके साथ है आप सबका स्नेह हमेशा बना रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि एवं सरपंच टोमन साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष लीलार नागवंशी, उपाध्यक्ष भीषम नागवंशी, सेवंत नेताम, ईश्वर नागवंशी, राघवेंद्र ध्रुव एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## शहीद दिवस पर पदयात्रा और स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित मेरा युवा भारत जिला बालोद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शहीद दिवस के पावन अवसर पर शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव सिंह एवं शहीद राजगुरु की स्मृति में शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा पदयात्र एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से हुई। इसके पश्चात छात्र–छात्रओं द्वारा नगर में पदयात्रा निकाली गई, जिसमें देशभक्ति के नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, देशभक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश दिए गए।

■ शहीदों की स्मृति में निकाली गई पदयात्रा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा की ली शपथ

पदयात्र के दौरान विद्यार्थियों ने आसपास के क्षेत्रें में स्वच्छता अभियान चलाया तथा आमजन को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद डॉ लीना साहू, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना किशोर कुमार टंडन समस्त स्वयंसेवक प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्रएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने स्वच्छता बनाए रखने एवं राष्ट्रहित में कार्य करने की शपथ ली।

## गौ भक्तों ने मवेशी बाजार बंद कराने की मांग पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला के गौ भक्त, गौसेवक एवं गोरक्षक दल ने जनदर्शन में मवेशी बाजार बंद कराने की मांग करते हुए जनदर्शन अधिकारी अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। गौ धाम समिति के गौ सेवकों ने अपने मांगों के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से प्रत्यक्ष मुलाकात कर चर्चा भी किया। सौंपे गए प्रार्थना पत्र में गौ भक्तों ने मांग रखी है कि गौ तस्करी का केंद्र बिंदु जिले में संचालित करहीभदर और खेरथा बाजार है, आरांप है कि जहां कृषक पशु मवेशी व्यापार के आड़ में गौ तस्करी को अंजाम देते हैं। इसलिए करहीभदर और खेरथा बाजार दोनों को तत्काल बंद की जाए। साथ ही अभी 25 मार्च को करहीभदर बाजार की नीलामी है इसे भी तुरंत रोकने का आदेश गौ भक्तों ने रखी है। ज्ञापन में अन्य मांग के तहत पशुधन विकास विभाग और कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी पशु व्यवसाय पंजीयन को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की पुरजोर मांग की है। इस विषय पर चर्चा करते हुए गौ भक्त डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने जिलाधीश को अवगत कराया कि बालोद जिला को छोड़कर किसी भी जिला और कोई प्रदेश में भी इस तरह का पंजीयन कार्ड जारी नहीं होता और हैरत होती है कि जिस नियम से यह पंजीयन कार्ड पूर्व में बना और अब तक नवीनीकरण हो रहा है। डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने जिलाधीश को अवगत कराया कि इस विषय पर पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने पर बताया जाता है कि जिलाधीश कार्यालय से आदेश प्राप्त होने पर ही यह पंजीयन नवीनीकरण बंद होगा। गौ रक्षकों ने जिलाधीश को बताया कि इसी पंजीयन कार्ड को दिखाकर कोचियों और तस्करों द्वारा रौब जमाया जाता है कि हम अधिकृत है पशु व्यवसाय करने को जबकि यह अवैधानिक है, पशु व्यवसाय पंजीयन कार्ड को तुरंत रद्द करने की पुरजोर मांग गौ सेवकों ने रखी है। गौरतलब है कि इस तरह की मांग कई बार गौ सेवकों द्वारा पूर्व से रखी जाती रही हैं और कई बार गौ तस्करी पकड़ने, घायल गौ वंश की सेवा करने शासन प्रशासन का सहयोग सभी गौ सेवक करते आ रहें हैं।

■ करहीभदर और खेरथा बाजार पर लगाए गंभीर आरोप



आवेदन के साथ पूर्व के आवेदन, तस्करों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही की प्रति के समाचार पत्रें की छाया प्रति भी आवेदन में संलग्न कर गौ भक्तों द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत करने रेडक्रास सोसाइटी अध्यक्ष एवं जिला पचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला गौ धाम समिति अध्यक्ष योगेश्वर यादव, जिला गौधाम समिति सदस्य और गौ रक्षक डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, गौ रक्षक विवेक पाटीदार, गौ रक्षक धर्मेंद्र आहूजा, गौ रक्षक अजय यादव उपस्थित थे।

### पर्यावरण की सोचः सगाई में पौधे और मटका देकर दिया अनोखा संदेश

## पौधा भेंट कर दिया हरियाली का संदेश और जल संरक्षण की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



बदलते समय के साथ सामाजिक आयोजनों में सकारात्मक संदेश जोड़ने की पहल भी तेजी से सामने आ रही है। इसी कड़ी में दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 24 निवासी सीताराम साहू ने अपनी बेटी मिनी साहू की सगाई को एक नई दिशा देते हुए पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का अनूठा संदेश दिया। यह पहल न केवल साहू समाज बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक बन गई है।

■ सामाजिक कार्यक्रमों में सकारात्मक संदेश

तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा के रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में आयोजित सगाई समारोह में मिनी साहू का रिश्ता पीकरीपार (अरमरीकला) निवासी बहुर सिंह साहू के पुत्र खिलावन साहू के साथ संपन्न हुआ। सगाई के इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए परंपरागत उपहारों के बजाय वर पक्ष को पौधा भेंट किया गया। तिलक लगाकर बहुर सिंह साहू, माखन लाल साहू और दामाद खिलावन साहू को पौधे सौंपे गए, जिससे हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समारोह में नगर के ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए वर-वधू को प्रतीक स्वरूप मटका भेंट किया और सभी उपस्थित लोगों को जल बचाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जल प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसे बनाया नहीं जा सकता, केवल बचाया जा सकता है। वर्तमान में पानी की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है और भविष्य में संकट और



गहराने की आशंका है, इसलिए हर व्यक्ति को इसकी बचत के प्रति सजग होना आवश्यक है। इस पहल को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सराहना व्यक्त की। जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि सामाजिक आयोजनों में इस तरह के नवाचार समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। यदि हर परिवार ऐसे अवसरों पर पौधारोपण और जल संरक्षण का संदेश अपनाए, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी मदद मिल सकती है।

वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि पौधा भेंट करना एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आ सकते हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सोच समाज में नई परंपराओं को जन्म देती है, जहां खुशी के अवसरों के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी भी निभाई जाती है। इस सगाई समारोह ने यह साबित कर दिया कि अगर इच्छाशक्ति हो, तो हर खुशी के मौके को समाज और पर्यावरण के हित में बदलकर एक सकारात्मक संदेश दिया जा सकता है।

## संकल्प कोचिंग एवं आईसेक्ट कंप्यूटर ने वार्षिक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





संकल्प जन सेवा समिति निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं आईसेक्ट कंप्यूटर संस्था द्वारा वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन देवरी बंगला में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कलाकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोना सेन, बस्तरिहा गीत के ख्यातिप्राप्त गायक हिरेश सिन्हा एवं गायिका जितेश्वरी सिन्हा ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें फागुन तिहार के गीतों ने दर्शकों को विशेष रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया। हिरेश सिन्हा एवं जितेश्वरी सिन्हा की युगल प्रस्तुति "हम तो आदिवासी आन" को दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर हिरेश सिन्हा ने सनातन धर्म एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं गायिका जितेश्वरी सिन्हा ने कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि जहां आज के समय में हर कार्य के पीछे आर्थिक लाभ देखा जाता है, वहीं संकल्प जन सेवा कोचिंग सेंटर द्वारा निःशुल्क शिक्षा देकर समाज में एक आदर्श प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कोचिंग के माध्यम से कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर शासकीय सेवाओं में कार्यरत हैं, जो संस्था के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। कार्यक्रम में संस्था के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

■ विधायक कुंवर सिंह रहे मुख्य अतिथि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रामशिरोमणी तिवारी समाज सेवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव चौधरी, जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, जनपद सदस्य चित्ररेखा साहू, दुलारी देवांगन, टीकम बरसन निषाद, दुर्गा ठाकुर, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष राधेश्याम देवांगन, मिथलेश तिवारी, सरपंच डोमेन्द्र मंडावी, केशव शर्मा, दिनेश वैष्णव, जागेश्वर साहू, इंदरचंद बाफना, शिवकुमार धरमगुड़े भीखम विनायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक भरत देवांगन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## चैत्र नवरात्रि पर आंगनबाड़ी के बच्चों को कराया बालभोज

**अंडा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम चंदखुरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष बालभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं पूर्व पंच भूपेन्द्र साहू ने अपने पुत्र सूर्यांश साहू एवं दिव्यांश साहू के माध्यम से बच्चों को खीर-पूरी का वितरण कर स्नेहपूर्वक भोजन कराया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली और सभी ने प्रसाद स्वरूप भोजन का आनंद लिया। इस पहल को ग्रामवासियों ने सराहते हुए इसे सामाजिक सद्भाव और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस दौरान शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर, राधेलाल सोनी, प्रधान पाठक बेना निषाद, सुशील देवांगन सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं गजेश्वरी साहू, रेखा देवांगन, पूर्णिमा देशमुख, सुनीता चंद्राकर, हिमानी देवांगन, लता देशमुख, चंपा देशमुख, हेमलता साहू, पुष्पा चंद्राकर, ईश्वरी बारले एवं गीतांजलि यादव उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आईसेट कंप्यूटर एजूकेशन में निःशुल्क प्रशिक्षण, 150 विद्यार्थी लाभान्वित

**गुरूर।** आईसेट कंप्यूटर एजुकेशन कोलिहामार गुरुर में कौशल विकास योजना अंतर्गत कंप्यूटर की मुक्त शिक्षा नीटकॉन लिमिटेड द्वारा आईटी हेल्प डेस्क एवं डिजिटल मित्र का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर प्रदीप साहू के हाथों कीट एवं पुस्तक का वितरण किया गया। इस योजना के अंतर्गत कुल 150 विद्यार्थी अध्ययनरत है। कीट वितरण के समय संस्था के संचालक चौलेश कुमार देशमुख एवं प्रशिक्षक योगेश साहू, गुलाबचंद, रविकांत देशमुख एवं अधिक संख्या में अध्यनरत विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जुन्नापानी में 117 ज्योति कलश प्रज्वलित

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के अंतिम छोर में स्थित ग्राम जुन्ना पानी में 117 ज्योति कलश प्रज्वलित हो रही है।



ग्राम जुन्नापानी के पूर्व दिशा में गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर मां दंतेश्वरी मंदिर स्थित है जहां पर दोनों नवरात्र में आस्था के दीप प्रज्वलित की जाती है। प्राचीन काल में मां दंतेश्वरी को कुंजाम ठाकुर के पूर्वज गांव मे लाकर स्थापित किए थे, जिसे आज पूरे गांव के लोग सभी के रक्षक देवी के रूप में मानते हैं। आसपास के 12 गांव के लोग भी अपनी आस्था प्रकट करते हैं। मां दंतेश्वरी होली पर्व के समय 12 गांवो में होली खेलने जाती है और अपने भक्तों को दर्शन लाभ देती है। इसीलिए कहा जाता है कि मां दंतेश्वरी एक ही गांव की नहीं लेकिन 12 गांव की रक्षक देवी है। मां दंतेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित हो रही है। जिसमें गांव के लोगों के अलावा बाहर गांव के द्वारा अधिकाधिक रूप से प्रज्वलित की जाती है। मां दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी धनेश कुमार कुंजाम है। सहयोगी माखन कोरामे, मोहन साहू, कनक साहू, लखेंद्र साहू, भोलानाथ कुलदीप है। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष बृजलाल पावरे, कोषाध्यक्ष बिरेंद्र सलामे, सचिव ओम प्रकाश यादव एवं संरक्षक ग्राम पटेल चंद्रशेखर सुकतेल हैं।

### 100 दिनी सघन टीबी मुक्त भारत अभियान

**अंडा।** विश्व टी.बी. दिवस के अवसर पर 24 मार्च 2026, मंगलवार को ग्राम अंडा, जिला दुर्ग में 100 दिवसीय सघन टी.बी. मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत ब्लॉक स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य टी.बी. उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं निरामय अभियान को सफल बनाना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मान. ललित चंद्राकर (उपाध्यक्ष अपिवि क्षेत्र, विधायक दुर्ग ग्रामीण) रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मान. श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन (जनपद अध्यक्ष दुर्ग), मान. आशा विवेकी मिश्रा (जिला पंचायत सदस्य दुर्ग), अजीत चंद्राकर (जनपद सदस्य अंडा), दिनेश्वर देशमुख (अध्यक्ष निकुम अंडा मंडल) एवं विवेक विजय सिन्हा (सरपंच ग्राम पंचायत अंडा) उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम एवं समस्त ग्रामवासी अंडा द्वारा सभी नागरिकों से उपस्थिति की अपील की गई है। यह जानकारी डा. देवेन्द्र बेलचंदन ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## आयोजन : क्रांतिकारियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने निकाली जागरूकता झांकी

# दल्लीराजहरा में शहीद दिवस पर अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, झांकियों ने जगाई देशभक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





23 मार्च, संघर्ष के निर्माण और निर्माण के संघर्ष के लिए हमेशा तैयार जन मुक्ति मोर्चा सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर जन मुक्ति मोर्चा द्वारा देश के अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जन मुक्ति मोर्चा ने कुसुमकसा से दल्लीराजहरा शहर तक विभिन्न चौक-चौराहों पर आकर्षक झांकियों के माध्यम से शहीदों के जीवन, संघर्ष और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। जन मुक्ति मोर्चा की इन झांकियों ने शहरवासियों में देशभक्ति और जागरूकता का संदेश प्रसारित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके साथ ही जन मुक्ति मोर्चा के दिवंगत नेताओं को भी श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन स्थल पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के बलिदान को नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात जन मुक्ति मोर्चा द्वारा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने शहीदों के विचारों को वर्तमान संदर्भ में रखते हुए अपने विचार साझा किए। जन मुक्ति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जीत गुहा नियोगी ने कहा कि शहीद दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है यह दिन हमें देशहित में त्याग, संघर्ष और एकजुटता की प्रेरणा देता है। जीत गुहा नियोगीने शहिद क्रांतिकारियों के जीवन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जन मुक्ति मोर्चा के ईश्वर कुमार ने अपने संबोधन में क्रांतिकारियों के अदम्य साहस और युवावस्था में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि कम उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने कहा कि आज भी देश में सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां मौजूद हैं, जिनसे लड़ने के लिए युवाओं को उसी जज्बे के साथ आगे आना होगा। वहीं जन मुक्ति मोर्चा से जुड़े अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों की सोच केवल आजादी तक सीमित नहीं थी, बल्कि एक समानता और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना भी उनका उद्देश्य था। जन मुक्ति मोर्चा के वक्ताओं ने वर्तमान परिस्थितियों में मजदूरों और किसानों के सामने खड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए संगठित संघर्ष की आवश्यकता पर बल दिया।इस कार्यक्रम में जन मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में श्रमिक, किसान, सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग, महिला मोर्चा की सदस्याएं तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा शहीद अस्पताल दल्लीराजहरा के समस्त स्टाफ नर्स शामिल हुए। सभी ने जन मुक्ति मोर्चा के साथ एक स्वर में शहीदों के बताए मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

जन मुक्ति मोर्चा के इस आयोजन ने न केवल शहीदों की स्मृति को जीवंत किया, बल्कि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का सशक्त प्रयास भी किया। दल्लीराजहरा शहर में जन मुक्ति मोर्चा द्वारा निकाली गई झांकियों और विचारों की गूंज ने यह संदेश दिया कि देशभक्ति केवल इतिहास की बात नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा तय करने वाली प्रेरणा है।

# भाजयुमो ने महामाया मंदिर में मत्था टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



चैत्र नवरात्रि कि पंचमी के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा डौण्डी मण्डल अध्यक्ष शिवम दुबे की अगुवाई मे कार्यकर्ताओं ने मनोकामना पूर्ण देवी महामाया का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया व क्षेत्र कि सुख शांति एवं समृद्धि कि प्रार्थना की।

युवा मोर्चा डौण्डी मण्डल अध्यक्ष शिवम दुबे की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मनोकामना पूर्ण देवी महामाया का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जहां उन्होंने अपनी एकता और संगठन की शक्ति का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में शिवम दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन उनके लिए एक नया उत्साह और ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज के विकास में योगदान दें।

### ये रहे उपस्थित

दर्शन के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजीव मानकर, महामंत्री समर्थ जैन, दुष्यंत कोसमा, उपाध्यक्ष हितेंद्र धनकर,द्रोण कुमार साहू, कृष्णकांत डोंगरे,श्रीकांत द्विवेदी, पंकज साहू, नवीन शर्मा, रॉबिन चौहान, टिकेन्द्र ठाकुर, जितेंद्र वैष्णव, देवेन्द्र चौरका शामिल थे।

# कुथरेल की सभापति ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा, वार्ड 18 की टीम ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुथरेल में आयोजित वार्ड स्तरीय सभापति ट्रॉफी भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह और खेल-भावना के साथ हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक श्री ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला कुथरेल वार्ड-01 और वार्ड-18 की टीमों के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद मेज़बान कुथरेल की वार्ड-18 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि वार्ड-01 की टीम उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत उत्कृष्ट प्रदर्शन बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द मैच को भी विशेष पुरस्कारों से नवाज़ा गया।

मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कहा, खेल न केवल शारीरिक स्फूर्ति देता है, बल्कि अनुशासन, टीम-वर्क और नेतृत्व के गुण भी सिखाता है। ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच देने वाले ऐसे आयोजनों से युवा ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगती है। राज्य सरकार खेल अधोसंरचनाग्रामीण स्टेडियम, मैदानों का उन्नयन, प्रशिक्षण सुविधाएं को निरंतर सुदृढ़ कर रही है, ताकि हमारे गांव के खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। उन्होंने आयोजन समिति, निर्णायकों एवं सहयोगियों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। आयोजक एवं जनपद सभापति लोमश चंद्राकर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा, सभी टीमों ने बेहतरीन खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। आप सभी बधाई के पात्र हैं। यह तो शुरुआत है, आगे और भी बेहतर आयोजन होंगे, और हम सुविधाएं व स्तर दोनों को और ऊंचा ले जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, गोकुल वर्मा, ग्राम सरपंच गीता गजपाल, चिरपोटी सरपंच पूजा चंद्राकर, जंजगिरी सरपंच गीता ठाकुर, छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता मन कुरैशी, दिनानाथ चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर, पेमेन्द्र मानिकपुरी, राजू चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, नरेंद्र मानिकपुरी, राहुल चंद्राकर, गंगाराम चंद्राकर, जानवी चंद्राकर, मोनू चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, खेलप्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# धनोरा में डा. सुरेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सूफी गायक का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में रविवार रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक डां सुरेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सुफी भजन गायक बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में अपने मंडली के साथ भजन कीर्तन प्रस्तुति दी। भजन सुनकर सभी भक्तों ने भाव विभोर हो गया।

■ भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

सोमवार को दरबार में पंचमी कलश चढ़ हावा का कार्यक्रम किया गया। दरबार के नंद पंडा भोलू साहू मनोज पटेल के द्वारा श्री लक्ष्मण बाबा ने बताया कि मंगलवार को रात्रि 8 बजे से सैलेन्दीरी पटेल सेवा भजन मंडली सिवनी मोवा रायपुर वाले महिला मंडली अपने कार्यक्रम देंगे।

गुरुवार शाम 4 बजे से महाअष्टमी हवन कार्यक्रम संपन्न एवं शुक्रवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा गली भ्रमण किया जाएगा। हर रोज रात्रि 7 बजे से गुलाब साहू एवं हेमंत साहू के मंडली द्वारा माता सेवा भजन संपन हो रहा। जोत जवारा देखने दुर दुर से लोग सुबह से रात्रि 10 बजे तक आ रहे हैं।

नवरात्रि में पुरे नौ दिन तक भक्ती भाव में डूबे हुए हैं दरबार के विनोद साहू राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू, रायपुरीहा जीवराखन, ,बाबू लाल साहू ,ललित साहू, रोशन साहू, डॉ धनेशवर साहू ,योगेश साहू, गुलाब सा, भोलू खिलेशवर साहू, दिनेश साहू, मारियल साहू, वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच दिनेश यादव, रामु यादव, ओमकार साहू टीकम गुमान, साहू उमेश साहू ,सुंदर सपरे, चन्द्र कांत देवांगन, एमलाल देवांगन, कल्याण, देवांगन सुनील पेटर, मुनना गंधर्व, बबिता साहू, ललिता यादव, सुनीता साहू, मितानिन कौशिलया सेन रुखमणि साहू पार्वती मंडलिन प्रभा साहू देवश्री अंजु देवांगन संगीता सपरे उपसरपंच टिकेशवरी साहू, लक्ष्मी साहू ,हितेश पटेल, नीरा साहू, मुंगा सपरे, गीता देवांगन, मंजू साहू, पुष्पा देवांगन, दुर्गा साहू ,वेदू साहू सुरुचि छोटी ,डिंपल साहू ,पुजा साहू, नेहा साहू ,विननी साहू ,आदि भक्त गण बड़ी संख्या में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# विवेकानंद हाई स्कूल में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया



**डोंडी।** डोंडी में शहीद दिवस मनाया गया। जिसमें शहीद सुखदेव थापर, भगत सिंह और शिवराम राजगुरू की शहादत को 23 मार्च को प्रति वर्ष शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। 23 मार्च 1931 को लाहौर सेंट्रल जेल में ब्रिटिश हुकूमत ने फांसी दी थी। जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी ये सभी युवा थे। लेकिन उनके विचार राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत थे यह दिन हमे याद दिलाता है कि आज जो स्वतंत्रता हमें मिली है। वह अनगिनत बलिदानों का परिणाम है, आज विद्यालय परिवार द्वारा सभी शहीदों की शहादत को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि श्रद्धां सुमन अर्पित कर मनाया गया। छात्र छात्राओं को इसके महत्व को बता कर इसके मान सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पालक समिति के अध्यक्ष अनिता मिश्रा, संचालन समिति के अध्यक्ष श्रवण राठौर, और समस्त सदस्य सचिव कृष्णा रावटे, संस्था प्रमुख एस. आर. यादव शिक्षक एच के लेनपांडे, नेमीचंद, ममता, रानू, तोमिन, दिनेश्वरी, कविता प्रधान, भुनेश्वरी कविता, निधी सोनी टेशवरी, निशा, शालिनी, अंजलि, मधु, निगम,उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित 31 कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



लंबे समय से प्रतीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। प्रदेश स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी द्वारा इसकी औपचारिक घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में दल्ली राजहरा के 31 सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जिससे संगठन में नई ऊर्जा और संतुलन देखने को मिल रहा है।

इस सुदृढ़ टीम में एक कोषाध्यक्ष के साथ 6 उपाध्यक्ष, 8 महामंत्री, 11 सचिव और 5 कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर अनुभवी और युवा कार्यकर्ताओं का समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे जमीनी स्तर पर कांग्रेस की पकड़ और मजबूत होने की उम्मीद है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने कहा कि इस नई कार्यकारिणी के गठन के बाद संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा। हर बूथ में सक्रिय कमेटी का गठन कर पार्टी की पहुंच आमजन तक सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही वार्ड स्तर पर भी कमेटियों का गठन शीघ्र किया जाएगा, ताकि संगठन की जड़ें और गहरी हो सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। संगठनात्मक एकता और सक्रियता के बल पर आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया है। नई कार्यकारिणी को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। स्थानीय स्तर पर यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह टीम क्षेत्र में जनसंपर्क, जनसमस्याओं के समाधान और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। दल्ली राजहरा में कांग्रेस संगठन के इस नए स्वरूप को आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए एक मजबूत आधार माना जा रहा है, जो क्षेत्रीय राजनीति में नई दिशा और गति देने का संकेत दे रहा है।

# निर्मला स्कूल में कक्षा पांचवीं में शेख आहिल ने 98.2% के साथ किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दल्ली राजहरा के निर्मला इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। सभी कक्षाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को मंच पर आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

■ आहिल की उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल

इस वर्ष के परिणामों में कक्षा पांचवीं के छात्र शेख आहिल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा प्रस्तुत की है।

शेख आहिल शुरू से ही मेधावी और परिश्रमी छात्र रहे हैं। हर वर्ष वे अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं। आहिल ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें पेंटिंग करना और क्रिकेट खेलना बेहद पसंद है, जिससे उन्हें मानसिक संतुलन और नई ऊर्जा मिलती है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों, परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है, जो यह संदेश देती है कि मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## निकलेगी भव्य कलश यात्रा, उड़ीसा के कलाकारों ने दो साल में किया निर्माण

# जामगांव आर में भव्य श्रीराम मंदिर तैयार, 27 को होगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





भगवान श्री राम का भव्य मंदिर जामगांव आर में उड़ीसा के कलाकारों द्वारा कलाकृतियों के साथ निर्माण कार्य 2 साल में पूर्ण हुआ, अब 27 मार्च को श्री राम की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य मिथलेश शर्मा कराएंगे। इस विशेष दिवस पर कौशल्या धाम पाटेस्वर आश्रम के विख्यात संत श्रीराम बालक दास महाराज की धर्म सभा से सनातन प्रेमी लाभान्वित होंगे। श्रीराम मंदिर निर्माण कर्ता संदीप चंद्राकर ने बताया कि 26 मार्च को कलश यात्रा श्रीराम मंदिर से शीतला माता मंदिर जाएगी तत्पश्चात बस स्टैंड किसान चौक सेजस हायर सेकेंड्री स्कूल मार्ग से होते हुए श्रीराम मंदिर कलश यात्रा पहुंचेगी।

### 27 मार्च को श्रीराम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और कार सेवकों का सम्मान

श्री चंद्राकर ने बताया कि 27 मार्च रामनवमी के पावन अवसर पर मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तत्पश्चात पाटेस्वर आश्रम के संत श्रीराम बालक दास महाराज की धर्म सभा होगी, इस सभा 30 कारसेवकों का सम्मान भी किया जाएगा। संध्या 7 बजे भजन संध्या में भक्त जन झूमेंगे। बस स्टैंड से गुण्डरदेही मुख्य डामरीकृत सड़क से साप्ताहिक बाजार पहुंच मार्ग जामगांव आर के इस क्षेत्र में भगवान मल्लिनाथ जैन मंदिर वीर बलि हनुमान और अब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ यह मार्ग मंदिर मार्ग के नाम से पहचाना जाना स्वाभाविक है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्वर्णिम सफल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर सतत बैठक जारी है।

योगेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि 1000 किमी दूर उड़ीसा के मयूर गंज से भगवान श्री राम की मूर्ति जामगांव आर पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि जामगांव आर में मंदिर का भूमिपूजन अयोध्या में भगवान श्रीं राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस किया गया जो अब बनकर तैयार हुई। प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम दरबार की भव्यता का दर्शन पूजन भक्त जन कर पाएंगे।

